5.4.22	पत्रावली पेश हुई। वकील प्र0 उपस्थित। प्रार्थी से तथ्यात्मक जाँच रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। बहस प्रार्थना पत्र श्रवण की गई। पत्रावली वास्ते आदेश प्रा0 पत्र दिनांक 6.4.22 को पेश हो।
6.4.22	पत्रावली पेश हुई। वकील प्र0 उपस्थित। पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया एवं बहस पर मनन किया गया। बहस के दौरान प्रार्थी वकील ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराया तथा कथन किया कि भूमि खसरा नम्बर पुराने 55 जिसके नये खसरा नम्बर 82,83 बने प्रार्थी की भूमि का पुराना नक्शा सिर सन 1952 में कोई डोरा रास्ता नहीं था लेकिन सन् 1979-80 का नक्शा बनाया तब प्रार्थी की भूमि की उत्तरी सीमा के अन्दर गलत तरीके से डोरा लाईन से रास्ता

Signature Not Verified

Digitally signed by Ram Singh Rajawat
Date: 2023.02.13 12:35:52 IST
Reason: SelfAttested

कार्यवाही विवरण	अनुपालना के क्रमांक व दिनांक
दर्शाया है। अतः उत्तरी सीमा पर डोरेड लाईन रास्ते को दुरुस्त किया जावे। अप्रार्थी ने अपने जवाब प्रार्थना पत्र तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट में अंकित तथ्यों को दोहराया तथा कथन किया कि वर्तमान ख० न० 83 के उत्तर दिशा पर डोरेड रास्ता अंकित है जबकि गत भू-प्रबन्ध के समय उक्त ख० न० के पुराना ख० न० 55 थे जिसके उत्तर दिशा में स्थित मेड़ पर कोई रास्ता अंकित नहीं है। अतः ख० न० 83 के उत्तर दिशा में अंकित डोरेड रास्ता हजफ किया जाना उचित है। नक्शा ट्रेस 1952-53 में पुराना ख० न० 55 के उत्तरी सीमा पर डोरेड लाईन अंकित नहीं है तथा नक्शा ट्रेस 1979-80 में नये ख० न० 83 के उत्तरी सीमा पर डोरेड लाईन अंकित कर दी गई। तहसीलदार गुढ़ागौड़जी से प्राप्त तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट में भी अंकित किया है कि ख० न० 83 के उत्तर दिशा में अंकित डोरेड लाईन रास्ता हजफ किया जाना उचित है। उक्त विवेचन से प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित एवं न्यायोचित प्रतीत होता है। **आदेश** प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा प्रार्थी की ग्राम चवंरा के कृषि खसरा नम्बर 82,83 का नक्शा सन् 1979-80 का नक्शा प्रथम नक्शा किश्तवार सन् 1952 के अनुसार किये जाने का आदेश दिया जाता है तथा उत्तरी सीमा पर डोरेड लाईन रास्ते को दुरुस्त किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो	

Signature Not Verified

Digitally signed by Ram Singh Rajawat
Date: 2023.02.13 12:35:52 IST
Reason: SelfAttested